# नव भारत

राष्ट्रहित का प्रहरी 1934 से



4 राज्यपालों का रवैया असहयोगी क्यों?


5 24 घंटे में ईरान पर हमले के संकेत


8 चौथे दौर में अल्काराज और सबालेंका


9 सोने-चांदी में आया ऑल टाइम उछाल

# तोड़फोड़ के बाद स्थिति तनावपूर्ण

## तराना में एक पक्ष ने दुकान और बस में लगाई आग, दूसरे ने की मंदिरों में तोड़फोड़

नवभारत न्यूज

**उज्जैन. खड़े रहने की बात पर तराना में दो समुदायों के बीच हुए विवाद के बाद सांप्रदायिक तनाव फैल गया है. गुरुवार शाम को हुई मारपीट और बसों में तोड़फोड़ के हालात पर पुलिस द्वारा नियंत्रित करने के बाद शुक्रवार दोपहर बाद फिर से स्थिति तनावपूर्ण हो गई. दुकान और बस में आग लगा दी गई. वहीं दूसरे पक्ष की ओर से पथराव किया गया. पूरे तराना में भारी पुलिस बल की तैनाती की गई है.**



तराना कस्बे के शुक्ला गली में रहने वाले विश्व हिंदू परिषद के नगर मंत्री सोहिल ठाकुर और ईशान मिर्जा के बीच गुरुवार देर शाम खड़े रहने की बात पर विवाद हो गया था. ईशान ने भाइयों के साथ मिलकर सोहिल ठाकुर पर हमला कर दिया था. इसके बाद अफरा-तफरी का माहौल बन गया और हिंदू संगठन से जुड़े कार्यकर्ताओं ने 12 से अधिक बसों में तोड़फोड़ कर दी. पुलिस ने 1 घंटे में स्थिति को नियंत्रण में लिया और घायल हुए सोहेल ठाकुर की शिकायत पर सप्पान मिर्जा, ईशान मिर्जा, शादाब उर्फ हेडली, रिजवान मिर्जा, सलमान मिर्जा और नावेद के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर पांच को हिरासत में ले लिया. रात में ही पुलिस बल की तैनाती कर दी गई थी, लेकिन शुक्रवार सुबह हिंदूवादी संगठन के कार्यकर्ताओं ने थाने का घेराव करते हुए हनुमान चालीसा का पाठ शुरू कर दिया और आरोपियों का जुलूस निकालने और मकान तोड़ने की मांग पुलिस और प्रशासन के सामने रखी. काफी देर तक थाने के बाहर प्रदर्शन चलता रहा. दोपहर बाद अचानक स्थिति फिर से तनाव पूर्ण हो गई. कुछ लोग बस स्टैंड क्षेत्र में पहुंचे और वहां खड़ी एक बस में आग लगा दी, दुकान को भी आग के हवाले कर दिया गया.

इस दौरान दूसरा पक्ष सामने आया और पथराव करते हुए मंदिरों में तोड़फोड़ शुरू कर दी. हालात बिगड़ते देख पुलिस ने मोर्चा संभाला और पूरे तराना कस्बे में भारी पुलिस बल की तैनाती कर दी गई. जलती बस और दुकान की आग पर काबू पाने के लिए फायर ब्रिगेड बुलाई गई. शाम होने के बाद स्थिति नियंत्रण में आ गई थी, लेकिन कानून व्यवस्था और सुरक्षा की दृष्टि से हर गली मोहल्ले में पुलिस बल की तैनाती जारी थी. शुक्रवार को पुलिस ने सुरक्षा के साए में जुमे की नमाज अदा कराई. सभी नमाजियों को तत्काल घर रवाना कर दिया गया. तराना शहर काजी ने भी समाजजनों से शांति बनाए रखने और सद्भावना की अपील करते हुए कहा कि मामले में जिसकी भी गलती हो प्रशासन उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई करें.

**इनका कहना है**


गुरुवार शाम हुए विवाद में घायल की शिकायत पर मामला दर्ज कर पांच लोगों को हिरासत में लिया गया है. शुक्रवार को बस और दुकान में लगाई गई आग पर तत्काल काबू पा लिया गया था. सुरक्षा और शांति को लेकर पुलिस बल तैनात है. स्थिति पर नजर रखी जा रही है.
– **गुरुप्रसाद पाराशर**, एएसपी

# एमपी आर्थिक शक्ति के रूप में उभरा

## जबलपुर के समग्र विकास के लिए मास्टर प्लान बनेगा

**जबलपुर, 23 जनवरी. भारत की विकास दर विश्व में सबसे तेज है और इसमें भी मध्यप्रदेश सभी राज्यों में अग्रणी भूमिका निभा रहा है. मध्यप्रदेश जनसंख्या के आधार पर देश में पांचवें स्थान पर है, लेकिन युवाओं की संख्या के मामले में पहले स्थान पर है. मध्यप्रदेश आर्थिक शक्ति के रूप में उभर रहा. यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने वर्ल्ड इकॉनॉमिक फोरम दावोस की वार्षिक बैठक में सहभागिता के उपरांत जबलपुर में व्यापारियों एवं उद्यमियों द्वारा आयोजित अभिनंदन समारोह को संबोधित करते हुए कही.**

उन्होंने कहा कि किसी भी राज्य के विकास के लिए आर्थिक सशक्तता अत्यंत आवश्यक है. यदि राज्य आर्थिक रूप से मजबूत नहीं होगा तो विकास योजनाओं के क्रियान्वयन में कठिनाई आएगी. मध्यप्रदेश में बेरोजगारी दर कम होना प्रदेश की बड़ी



उपलब्धि है. प्रदेश की पहचान किसी भी प्रदेश की पहचान उसके केवल नक्शे से ही नहीं, बल्कि उपलब्धियों से भी होती है.

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज मध्यप्रदेश अपनी प्रभावी नीतियों और उनके सफल क्रियान्वयन के कारण न केवल देश में बल्कि वैश्विक स्तर पर एक नई पहचान बना रहा है. प्रदेश औद्योगिक विकास की दिशा में तेजी से अग्रसर है और निवेश के लिए उद्यमियों को आकर्षित कर रहा है. उन्होंने कहा कि जबलपुर शहर के समग्र विकास के लिए मास्टर प्लान तैयार किया जाएगा, जिसमें जबलपुर से 50 किलोमीटर के दायरे में आने वाले सभी शहरों को शामिल किया जाएगा. मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2014 के पहले की स्थिति अब पूरी तरह बदल चुकी है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत निरंतर प्रगति के पथ पर आगे बढ़ रहा है और आज दुनिया का हर देश व्यापार और निवेश के लिए भारत से जुड़ने को उत्सुक है.

**चीता परिवार का विस्तार गर्व की बात**

सीएम ने कहा कि आज यदि कहीं चीता परिवार का विस्तार हो रहा है तो वह मध्यप्रदेश में हो रहा है, जो पूरे एशिया के लिए गर्व की बात है. पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रदेश में हेलीकॉप्टर सेवा प्रारंभ की गई है, जिसमें 45 मिनट की यात्रा का किराया मात्र 3500 रुपए रखा गया है, जो अन्य राज्यों की तुलना में काफी कम है. इससे प्रदेश में पर्यटन को नई गति मिलेगी.

## एक नजर में



**महुआ केस पर एचसी का लोकपाल को निर्देश**

**नई दिल्ली.** दिल्ली हाईकोर्ट ने शुक्रवार को टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा से जुड़े 'कैश फॉर क्वेरी' मामले में सुनवाई की. कोर्ट ने लोकपाल से इस मामले में टीएमसी सांसद के खिलाफ चार्जशीट दाखिल करने की मंजूरी देने से जुड़े मामले में लोकपाल को दो महीने का अतिरिक्त वक्त दे दिया है. हालांकि, कोर्ट ने स्पष्ट किया कि ये अंतिम विस्तार है और इसके बाद समय विस्तार की किसी भी मांग पर विचार नहीं किया जाएगा.

**मुठभेड़ में कठुआ में जैश का आतंकी उस्मान ढेर**

**कठुआ.** जिले के बिल्लावर इलाके में सुरक्षाबलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ हुई है. इस मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया. घटना के बाद पूरे इलाके में सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है और सुरक्षाबल अलर्ट पर हैं. जैश का आतंकवादी उस्मान मारा गया है. वह पाकिस्तानी नागरिक बताया जा रहा है. पूरा ऑपरेशन करीब 10 मिनट चला. आतंकी के पास यूएस मेड राइफल बरामद हुई है. आतंकवादी अकेले अपने हथियार के साथ घूम रहा था. ये एनकाउंटर सेना, सीआरपीएफ और जम्मू पुलिस ने मिलकर किया है.

# भोजशाला में पूजा और नमाज भी



**08** हजार से ज्यादा जवान शहर में रहे तैनात

**06** सेक्टर सहित शहर को 7 जोन में भोजशाला को बांटा

नवभारत न्यूज

**धार, 23 जनवरी. भोजशाला में बसंत पंचमी पर मां वाग्देवी की पूजा और जुमे की नमाज साथ-साथ कराई गई. शुक्रवार सुबह 6 बजे सूर्योदय के साथ ही हिंदू समाज ने सरस्वती पूजन शुरू हुआ, जो सूर्यास्त तक चला. वहीं, दोपहर में 1 से 3 बजे तक भोजशाला परिसर में ही मुस्लिम समाज ने नमाज अदा की.**

इस मौके पर किसी भी अप्रिय स्थिति से बचने के लिए जिला प्रशासन ने पूरी मुस्तैदी बरती. भोजशाला परिसर को 6 सेक्टर जबकि शहर को 7 जोन में बांटा गया. स्थानीय पुलिस, सीआरपीएफ और रैपिड एक्शन फोर्स के 8 हजार से ज्यादा जवान शहरभर में तैनात रहे.

ड्रोन और एआई की मदद से कोने-कोने पर नजर रखी गई. हालांकि, नमाज पढ़ने को लेकर दो दावे सामने आए. जिला प्रशासन ने भोजशाला में ही मुस्लिम लोगों के शांतिपूर्वक नमाज अदा करने की बात कही.

# इंदौर के बाद अब महू में भी दूषित पानी से फैला संक्रमण

- 25 लोग बीमार, इनमें सर्वाधिक बच्चे
- स्वास्थ्य विभाग की टीम घर-घर कर रही जांच

नवभारत न्यूज

**महू. इंदौर के भागीरथपुरा में दूषित पानी से फैले संक्रमण के कारण मौतों का सिलसिला थमा नहीं है कि अब महू में भी दूषित पानी से संक्रमण की चपेट में आ रहे हैं. यहां के पत्ती बाजार क्षेत्र की चंदर गली और मोती महल क्षेत्र में दूषित पानी से पीलिया और टाइफाइड फैलने का मामला गंभीर हो गया है.**

पिछले 15 दिन में करीब 25 लोग बीमार हो चुके हैं. इनमें सबसे ज्यादा बच्चे शामिल हैं.



शुक्रवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम क्षेत्र में पहुंची और घर-घर सघन सर्वे किया जा रहा है. कई घरों में बच्चों को पीलिया, उल्टी-दस्त, बुखार और कमजोरी की शिकायत मिली है. टीम तत्काल दवाइयां उपलब्ध करा रही है और गंभीर लक्षण वाले बच्चों को अस्पताल भेज रही है. कुछ परिवारों में एक से अधिक सदस्य संक्रमित पाए गए हैं. संक्रमण अभी पूरी तरह नियंत्रण में नहीं आया है.

## कॉन्स्टेबल ने खुद को मारी गोली, मौत



**शहडोल, 23 जनवरी.** पुलिस लाइन में ड्यूटी के दौरान कॉन्स्टेबल ने खुद को गोली मार ली, जिससे उसकी मौके पर मौत हो गई. घटना गुरुवार-शुक्रवार की दरमियानी रात करीब 1.25 बजे रक्षित केंद्र की है. कॉन्स्टेबल की पहचान शिशिर सिंह राजपूत (29) के रूप में हुई है, उसने सर्विस राइफल से गर्दन के पास फायर किया. पता चला है कि घटना से ठीक पहले कॉन्स्टेबल मोबाइल पर किसी से बात कर रहा था. इसी दौरान उसने मोबाइल जमीन पर फेंक दिया. इसके बाद राइफल से खुद पर फायर कर लिया. मौके पर टूटा हुआ मोबाइल और सर्विस राइफल मिली है.

# अगली बार फिर राष्ट्रपति बनना चाहते हैं ट्रम्प



**वॉशिंगटन, 23 जनवरी.** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने एक बार फिर अपने चौथे कार्यकाल को लेकर चर्चा छेड़ दी है. उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर पोस्ट कर पूछा कि क्या उन्हें चौथे कार्यकाल की कोशिश करनी चाहिए. ट्रम्प की यह टिप्पणी ऐसे समय आई है, जब उनके राष्ट्रपति कार्यकाल को सबसे कमजोर अप्रूवल रेटिंग मिली हैं. उन्होंने कुछ सर्वे को फर्जी पोल बताते हुए कानूनी कार्रवाई की धमकी भी दी थी. डोनाल्ड ट्रंप इससे पहले भी अपने कार्यकाल को बढ़ाने के संकेत देते रहे हैं. पिछले साल बातचीत में उन्होंने कहा था कि वे दोबारा चुनाव लड़ने को लेकर मजाक नहीं कर रहे हैं. इसी दौरान ट्रम्प 2028 से जुड़ा मर्चेंडाइज भी कुछ समय के लिए आधिकारिक ऑनलाइन स्टोर पर दिखा था.






**पीएम की चुनावी बिसात** तमिलनाडु और केरल में अप्रैल-मई में होंगे विधानसभा चुनाव

# डीएमके सरकार का काउंटडाउन शुरू

**तिरुवनंतपुरम, 23 जनवरी. पीएम मोदी ने शुक्रवार को तमिलनाडु और केरल का दौरा किया. यहां उन्होंने दो रैलियों को संबोधित किया. केरल के तिरुवनंतपुरम में 55 मिनट की स्पीच में पीएम ने कहा कि 1987 के पहले गुजरात में बीजेपी एक हाशिए की पार्टी थी. अखबार में दो लाइन नहीं छपती थीं. 1987 में पहली बार अहमदाबाद में नगर निगम में जीत हासिल की, वैसे ही बीजेपी ने तिरुवनंतपुरम में हासिल की. यहां से केरल में**



**भाजपा की नींव पड़ गई है.'**

तमिलनाडु के चेंगलपट्टू में पीएम ने कहा कि राज्य के लोग डीएमके के कुशासन से मुक्ति चाहते हैं. डीएमके सरकार का काउंट डाउन शुरू हो चुका है.

**पीएम मोदी को ब्राजील के राष्ट्रपति लूला ने किया फोन**

**नई दिल्ली, 23 जनवरी.** पीएम मोदी से गुरुवार को ब्राजील के संघीय गणराज्य के राष्ट्रपति, लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा ने टेलीफोन पर बात की. दोनों नेताओं ने भारत-ब्राजील रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने और आने वाले वर्ष में इसे और भी अधिक ऊंचाइयों पर ले जाने की अपनी प्रतिबद्धता जताई.